दिनांक 05.06.2021 को उपायुक्त, धनबाद की अध्यक्षता में Google meet के माध्यम से धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही :–

माननीय सदस्यों की उपस्थिति :–

1. वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद।
2. उप विकास आयुक्त, धनबाद।
3. वन प्रमण्डल पदाधिकारी, धनबाद।
4. सिविल सर्जन, धनबाद।
5. जिला पंचायती राज पदाधिकारी, धनबाद।
6. जिला खनन पदाधिकारी, धनबाद।

अन्य पदाधिकारी

1. जिला योजना पदा0–सह–
   नोडल पदा0, DMFT, धनबाद।
2. नितिन कुमार, टीम लिडर,
   DMFT.(PMU), धनबाद।

सर्वप्रथम Google meet के माध्यम से बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, धनबाद द्वारा अवगत कराया गया कि COVID 19 संक्रमण के तृतीय लहर की सम्भावना को देखते हुए दिनांक 22.5.2021 की बैठक में प्रबंधकीय समिति के द्वारा SNMMCH धनबाद/सदर अस्पताल एवं अन्य अस्पतालों में PSA Oxygen Generation एवं LMO Tank अधिष्ठापन/क्रय/किराय पर लेने का प्रस्ताव पारित किया गया है, उक्त प्रस्ताव के आलोक में निम्न योजनाओं पर प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रस्ताव रखा गया।

1. Cath Lab SNMMCH, धनबाद परिसर एवं सदर अस्पताल परिसर में में 1000 LPM क्षमता वाले PSA Oxygen Generation Plant 02 (दो) यूनिट का अधिष्ठापन एवं अगले 03 वर्षो के लिए Operation Maintenance हेतु प्रशासनिक स्वीकृति का प्रस्ताव :–

प्रबंधकीय समिति से पारित प्रस्ताव के आलोक में कार्यालय ज्ञापांक 132/ दिनांक 10.5.2021, ज्ञापांक 134/दिनांक 10.5.2021 एवं ज्ञापांक 138/दिनांक 15.5.2021 के आलोक में धनबाद जिला में PSA Oxygen Generation Plant की स्थापना हेतु निविदा आमंत्रित किया गया था जिसके आलोक में कार्यालय आदेश ज्ञापांक 152 दिनांक 21.5.2021 के क्रम द्वारा गठित निविदा निस्तारण समिति, धनबाद की बैठक दिनांक 24.5.2021 एवं बैठक दिनांक 27.5.2021 में प्राप्त 03 निविदाओ के निष्पादन के उपरांत धनबाद जिला में PSA Oxygen Generation Plant की स्थापना हेतु आपूर्तिकर्त्ता एवं इसके अधिष्ठापन हेतु दर का निर्धारण किया गया है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, धनबाद के आदेश ज्ञापांक 4004 दिनांक 29.05.2021 के आलोक में असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, धनबाद की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा सदर अस्पताल एवं कैथ लैब, शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय, धनबाद में 02.–02 अद्द 1000 LPM क्षमता वाले PSA Oxygen Generation Plant की स्थापना की अनुशंसा की गई है।

उक्त अनुशंसा के आलोक में सदर अस्पताल, धनबाद एवं कैथ लैब, शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय, धनवाद परिसर में 01.–01 अद्द 1000 LPM क्षमता वाले PSA Oxygen Generation Plant का निम्न प्रकार अधिष्ठापन का निर्णय निम्न विवरण के अनुसारलिया गया है जिस पर समिति की प्रशासनिक स्वीकृति अपेक्षित है –

| क्र0 | योजना का नाम | निविदा निस्तारण समिति के द्वारा निर्धारित दर | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | निविदा निस्तारण समिति के द्वारा अनुशंसित एजेन्सी का नाम / पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | सदर अस्पताल, धनबाद परिसर में 1000 LPM क्षमता वाले PSA Oxygen Generation Plant का अधिष्ठापन एवं आगामी 03 वर्षो तक इसका Operation Maintenance से संबंधित योजना | 16921434.00 | 16921434.00 | Narula Udyog India Pvt. Ltd. Punjabi Bagh (w) New Delhi |
| 2 | कैथ लैब, शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय, धनबाद परिसर में 1000 LPM क्षमता वाले PSA Oxygen Generation Plant का अधिष्ठापन एवं आगामी 03 वर्षो तक इसका Operation Maintenance से संबंधित योजना | 16921434.00 | 16921434.00 | |
| कुल | | 33842868.00 | 33842868.00 | |

<u>निर्णय</u> :– सम्यक विचारोपरांत प्रसंगाधीन 02 (दो) योजनाओं के लिए योजनाओं के नाम के समक्ष अंकित योजनावार राशि यानि कुल मो0 3,38,42,868.00 (तीन करोड़ अड़तीस लाख बयालीस हजार आठ सौ अड़सठ) रू0 मात्र पर वर्ष 2021–22 जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के प्रबंधकीय समिति के द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया तथा प्रसंगाधीन योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु Narula Udyog India Pvt. Ltd. Punjabi Bagh (w) New Delhi को कार्यकारी एजेन्सी मनोनीत करते हुए कार्यादेश निर्गत करने का निर्णय लिया गया।

अंत में बैठक की कार्यवाही धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त किया गया।

5-6-21   5/6/21   5/6/21   05/06/21

जिला खनन पदा0 धनबाद | जिला पंचायती राज पदा0 धनबाद | सिविल सर्जन, धनबाद | जिला योजना पदा0–सह–नोडल पदा0 DMFT धनबाद

5-6-21   5/6/21   05/06/21

वन प्रमण्डल पदा0, धनबाद | उप विकास आयुक्त, धनबाद | वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद | उपायुक्त,धनबाद।

ज्ञापांक 174 / DMFT     धनबाद, दिनांक 05.6.2021

प्रतिलिपि :–उप विकास आयुक्त, धनबाद–सह–सचिव,जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :–जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट के प्रबंधकीय समिति के सभी पदाधिकारियों /सभी संबंधितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05/06/21

उपायुक्त,धनबाद।